हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 14 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों व ...



09 तालबेहट में बाल श्रम रोकने चलाया गया विशेष...



## सीएम डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य शासन के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने ली पत्रकारवार्ता

# उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन का लाभ मिलेगा आगर-मालवा जिले को

**आगर-मालवा जिले में तेजी से जारी है औद्योगिक विकास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य शासन के सफलतम दो वर्ष पूर्ण हुए हैं। संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ आगर-मालवा जिले में भी विकास चहुँओर परिलक्षित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के औद्योगिक विकास के विजन पर आगर-मालवा जिला भी खरा उतर रहा है। जिले में औद्योगिक विकास दूरत गति से किया जा रहा है। कई नये प्रोजेक्ट आ रहे हैं। जिले में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार की राह प्रशस्त हो गई है। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने कही। प्रभारी मंत्री प्रदेश शासन के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान, विधायक मधु गेहलोत, जिलाध्यक्ष भाजपा ओम मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल, मयंक राजपूत तथा बड़ी संख्या में पत्रकारबंधु उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री चौहान ने पत्रकारवार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई उँचाईयों को स्पर्श कर रहा है। औद्योगिक विकास से लेकर सिंचाई के रकबे में वृद्धि तथा कई महत्वपूर्ण विकास कार्य संपादित किये जा रहे है, जिनका लाभ आम आदमी को मिल रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश में पीएम मित्र पार्क का शुभारम्भ किया है। जिससे करीब 30 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। गरीब कल्याण के क्षेत्र में देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न का लाभ मिल रहा है। इसमें मध्यप्रदेश के 1.50 करोड़ से अधिक व्यक्ति शामिल है। महिलाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में आरक्षण की पर्याप्त व्यवस्था शासन द्वारा की गई है। सिंचाई के रकबे में वृद्धि के लगातार



प्रयास किए जा रहे हैं। केन-बेतवा नदी जोड़ा परियोजना की आधारशिला रखी जा चुकी है। जिससे प्रदेश की 100 करोड़ हेक्टेयर भूमि में अतिरिक्त रूप से सिंचाई की क्षमता निर्मित होगी।

प्रभारी मंत्री ने उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त सड़क निर्माण का सर्वाधिक लाभ आगर-मालवा जिले को मिलेगा। यहां के लोगों को रोजगार के अलावा धार्मिक शहर के रूप में भी पहचान मिलेगी। प्रभारी मंत्री ने बताया कि राज्य शासन द्वारा आगर-मालवा जिले के किसानों को 140 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि फसल नुकसानी के रूप में दी गई है। भावांतर योजना का लाभ भी जिले के किसानों को मिल रहा है। इस दौरान पत्रकारों की जिज्ञासाओं का समाधान भी प्रभारी मंत्री ने किया। प्रभारी मंत्री ने आगर-मालवा जिले में दो वर्ष के विकास कार्यों की जानकारी में बताया कि जिले में दो चरणों में 142.68 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। जिस पर लगभग 66.00 करोड़ की लागत से विकास कार्य किये जा रहे है। जिले में मैक्केन फुडस प्रा.लि. द्वारा 3800.00 करोड़, एमिटेक्स एग्रो प्रा.लि. द्वारा 200.00 करोड़ तथा ए.आर.एफ.एफ. फुड प्रा.लि. द्वारा करीब 150.00 करोड़ का निवेश जिले में किया जा रहा है।

### जैविक हाट बाजार पुरानी कृषि उपज मंडी में प्रारंभ किया

जिले में 2 एथनॉल उत्पादन इकाई स्थापित की जाकर करीब 385.00 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। जिले में प्राकृतिक खेती उत्पादक कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्रदाय करने हेतु जैविक हाट बाजार पुरानी कृषि उपज मंडी में प्रारंभ किया गया है। जिसमें अभी तक 382500 रुपए के उत्पाद का विक्रय किया चुका है। चीया प्राकृतिक खेती मिशन एवं परम्परागत कृषि विकास योजना जिले में 5980 कृषकों द्वारा 3150 हेक्टेयर में परंपरागत एवं प्राकृतिक खेती की पद्धति से की जा रही है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने 50 कृषि सखी मोबाइल एवं प्रतिमाह मानदेय के रूप में 4.50 लाख प्रदाय किये गये हैं। 2024 में खरीफ फसल का रकबा 176490 हेक्टेयर और वर्ष 2025 में 189893 हेक्टेयर रहा है, जो कि 3403 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। रबी वर्ष 2024 में फसल रकबा 171563 हेक्टेयर तथा वर्ष 2025 में 183701 हेक्टेयर फसल रकबा रहा है, जिसमें 12138 हेक्टेयर वृद्धि की गई हैं। जिले में खरीफ 2024 में सोयाबीन फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य 4892 रूपये प्रति क्विंटल के मान से 7883 कृषकों से 166182 क्विंटल खरीदी की गई, जिसकी राशि 81.30 करोड़ का भुगतान किया गया। रबी 2025-26 में चना, मूसर, सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य 2170 कृषकों से 32695 क्विंटल राशि 2151.34 लाख की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई हैं। खरीफ 2025 में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत 34246 कृषकों से 517471 क्विंटल सोयाबीन की खरीदी की जा चुकी हैं, 13689 कृषकों को योजना अन्तर्गत 20.05 करोड़ का भावांतर भुगतान किया जा चुका हैं। स्वाईय हेल्थ एंड फर्टीलिटी योजना अंतर्गत वर्ष 2024 में 15825 किसानों एवं वर्ष 2025 में 14472 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किये गये हैं। जिले में नवीन फसल अंगीकरण हेतु राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत स्पेशल परियोजना अन्तर्गत लगवाई गई हैं। चिया सीड्स, चन्द्रसूर, किनोवा एवं कुसुम फसल 2945 कृषकों को 2945 एकड़ में फसल प्रदर्शन आयोजित किये गये है, जिससे कृषकों की आय में 880.55 लाख रूपये की वृद्धि होगी।दलहन फसल जैसे चना, मसूर, उड़द, मूंग अरहर वर्ष 2024 में 38620 हेक्टयर था जो कि वर्ष 2025 में बढ़कर 42880 हेक्टयर हो गया है।

उद्यानिकी विकास अंतर्गत जिले में पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में 41 ईकाईयां स्थापित की गई। पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजनांतर्गत 157 इकाईयों में 30 लाख से अधिक का खर्च किया गया है। जिले में गौवंश संवर्धन अंतर्गत 139 शासकीय/अशासकीय गौशालाओं में 20 हजार से अधिक गौवंश पर प्रतिदिन 40 रुपए के मान से भरण पोषण पर 30 करोड़ से भी अधिक राशि शासन द्वारा वहन की गई है।

## नेशनल लोक अदालत में 22 प्रकरणों का निराकरण कराया

**76 पक्षकार हुए लाभान्वित**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीएस चौहान के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं वरिष्ठ न्यायाधीश नितिन सोनी द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जिसमे न्यायाधीश नितिन सोनी द्वारा 22 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से कराया गया। लोक अदालत में कुल 2826321 रूपये का सेटलमेंट सहित 76 पक्षकार लाभान्वित हुए। आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिवक्तागण न्यायालयीन कर्मचारीगण, बैंक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पक्षकारण उपस्थित रहे।

## हनुमान अष्टमी पर बड़ागांव में शिव कृपा संस्था ने किया हनुमान चालीसा पाठ

**नलखेड़ा।** हनुमान अष्टमी की रात्रि में तहसील के बड़ागांव में स्थित खेड़ापति हनुमान बावड़ी पर युवा हिंदू संगठन शिव कृपा संस्था के 108 युवाओं ने मिल कर हनुमान चालीसा पाठ किया। उसके बाद महाआरती की गई व महाप्रसादी का हुआ। शिव कृपा संस्था के संस्थापक प्रवीण यादव बड़ागांव द्वारा बताया गया कि युवा हिंदू संगठन ने इस मुहिम की शुरुआत बड़ागाँव से की है। जिसका उद्देश्य राम नाम की धुन और सनातन धर्म की ध्वजा जेन जी जनरेशन के मन में चलती रहे और सामाजिक समरसता बनी रहे इसी भाव को लेकर जिले के शहर और गांव के प्राचीन हनुमान मंदिरों में जेन जी



जनरेशन के साथ मिल कर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। उन्होंने बताया कि महीने के तीन शनिवार को जिले के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ किया जावेगा जिसकी शुरुआत बड़ागांव से कर दी गई है।

## जिला विकास समिति में मनोनीत सदस्यों का स्वागत कर किया सम्मान

**नलखेड़ा।** आगर जिले की नवगठित जिला विकास सलाहकार समिति में नलखेड़ा नगर एवं तहसील क्षेत्र से भी मनोनीत हुए सदस्यों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। आगर जिला विकास सलाहकार समिति में नगर के वरिष्ठ अभिभाषक अनिल जैन, दिनेश फाफरिया एवं डाक्टर संतोष योगी तथा गोवर्धन पाटीदार भैसोदा, अर्जुन चौधरी का मनोनयन होने पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी के कार्यालय पर सभी नवनियुक्त सदस्यों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर परिषद पार्षद एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय में जिला स्तर के लिए चयनित छात्राओं का सम्मान



**नलखेड़ा।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में जादू नहीं विज्ञान कार्यक्रम में चयनित कक्षा 9वीं की तीन छात्राएं खुशी विश्वकर्मा, वंशिका शर्मा एवं पुष्पा मालवीय ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में जादू नहीं विज्ञान कार्यक्रम अन्तर्गत चमत्कारिक रूप से अतिथियों का स्वागत करना, जादू द्वारा थर्माकोल गायब करना एवं बिना माचिस के हवन पात्र में अग्नि प्रज्ज्वलित करना आदि का शानदार प्रदर्शन विज्ञान शिक्षिका श्रेष्ठा चौरसिया एवं शिक्षक मंगलेश भाटी के मार्गदर्शन में किया एवं इनके वैज्ञानिक कारण भी विद्यार्थियों को बताए। तीनों छात्राओं का जिला स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम के लिए चयन हुआ। ये छात्राएं जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक नलखेड़ा का प्रतिनिधित्व करेगी। शनिवार को प्रार्थना सभा के दौरान उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बधाई देकर सम्मान किया एवं पुरस्कार प्रदान किया।

## सिसोदिया संभागीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त

**नलखेड़ा।** तहसील के निवासी तकेसिंह सिसोदिया को वीर विक्रमादित्य सेना का उज्जैन संभाग के संभागीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। सिसोदिया की इस नियुक्ति पर इष्ट मित्रों के साथ समाज जनों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित कर आशा व्यक्त की गई कि सिसोदिया पद प्रतिष्ठा की गरिमा को बनाए रखेंगे और संगठन को मजबूत स्तंभ पर स्थापित करने में आपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समय समय पर राजपूत समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे।



## जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

# जिले में आम आदमी की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जाए : प्रभारी मंत्री चौहान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जिले में आम आदमी की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जाए। कार्यालय में आने वाले व्यक्तियों की समस्या के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए अधिकारी-कर्मचारी सकारात्मक समाधान करें। उक्त निर्देश शनिवार को सम्पन्न जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान ने दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नबाई चौहान, विधायक मधु गेहलोत, विधायक सुसनेर भैरोसिंह बापू, कलेक्टर प्रीति यादव, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नंदा भलावे जिलाध्यक्ष भाजपा ओम मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष आगर धर्मकुंवर, अध्यक्ष जनपद पंचायत बड़ौद सुशीलादेवी, अध्यक्ष जनपद पंचायत सुसनेर पिंकी राजपाल सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत नलखेड़ा केसरबाई, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम मिलिन्द ढोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेमनारायण परमार, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी मालवीय सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिला विकास सलाहकार समिति के उद्देश्यों तथा विजन के संबंध में बताया कि जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों तथा अन्य हितधारकों की जरूरत और सुझाव के अनुसार जिले के दीर्घकालीन विकास की योजनाएं बनाना, समिति का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जिले के परंपरागत कौशल को चिन्हित करके प्रधानमंत्री मोदी के वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत के दृष्टिगत उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देते हुए जिले की समृद्धि का रोडमैप तैयार किया जाना है। जिले की स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शासन की योजनाओं को और बेहतर तरीके से लागू करने के सुझावों पर भी विचार किया जाएगा। नवाचारों को योजनाओं के रूप में मूर्तरूप दिया जाएगा, जिले में रोजगार सृजन तथा विकसित मध्य प्रदेश के लक्ष्य के संबंध में सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। उद्योग, व्यापार, जल संरचनाओं के संरक्षण, निर्यात, कृषि, खनिज, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में जिले की कार्ययोजना हेतु भी सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासकीय योजनाओं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिला कृषि प्रधान है, किसानो की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील तरीके से समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रबी मौसम में खाद की कोई कमी नहीं आने दें, किसानों को मृदा परीक्षण के लिए प्रेरित करें। जिले में किसानों हेतु खाद वितरण नियोजित ढंग से व्यवस्था हेतु समितियां की संख्या में आवश्यकता अनुसार वृद्धि की जाए। जैविक गतिविधियों में इजाफा करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए।

हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. ध्रुव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्ते लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने शुक्रवार रात जिला अस्पताल का किया निरीक्षण



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शुक्रवार रात को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने वार्डों में पहुँचकर मरीजों से उपचार, सुविधाओं और समस्याओं के संबंध में चर्चा की तथा अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ वार्डों में डॉक्टर और नर्स अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर सिंह ने संबंधितो के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर और मेटरनिटी में स्टॉफ नर्स अनुपस्थित पाई गई, जिसपर कलेक्टर ने संबंधितों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह से जिला अस्पताल के रसोई घर का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सपना शर्मा, आरएमओ अजय पटेल सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### टोल नाके के पास सड़क हादसे में एक की मौत

**देवास।** भौंरासा टोल नाके के पास भोपाल रोड पर शनिवार शाम एक सडक़ हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी अनुसार बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, 27 वर्षीय संदीप जाट सोनकच्छ थाना क्षेत्र के ग्राम बावई का निवासी था और वह भौंरासा टोल नाके से घर लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान टोल नाके की एम्बुलेंस से उसे तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक टोल नाके पर वाहनों के लिए पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र) बनाने का काम करता था।

### आयोजित हुई लोक अदालत के दौरान लंबित प्रकरणों में 2317 लोग लाभांवित

# नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों व प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का हुआ निराकरण







### नेशनल लोक अदालत में निराकरण कराने पर समय एवं धन की बचत होती है- प्रधान जिला न्यायाधीश मिश्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इस वर्ष की अंतिम और चौथी लोक अदालत शनिवार को जिले भर में 36 खंडपीठों के अंतर्गत आयोजित हुई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में शनिवार को जिले के समस्त न्यायालयों में वृहद स्तर पर इस वर्ष की चतुर्थ 'नेशनल लोक अदालत' का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण कराने पर पक्षकारों को समय एवं धन की बचत होती है। साथ ही उन्होंने न्यायिक अधिकारीगण और अधिवक्तागण को अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा कराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोक अदालत प्रभारी विकास शर्मा, विशेष न्यायाधीश, ने संबोधित करते हुए व्यक्त किया कि- लोक अदालत न्याय पाने का सबसे आसान एवं उत्तम माध्यम है। इसका लाभ उठाएं। उन्होंने अधिवक्तागण से कहा कि वे दुगने उत्साह से लोक अदालत में भाग लें। नेशनल लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, विद्युत अधिनियम, एनआईएक्ट, चैक बाउन्स, श्रम मामले, मोटर दुर्घटना दावा, बीएसएनएल आदि विषयक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय देवास एवं तहसील स्तर पर सोनकच्छ, कन्नौद, खातेगांव, टोंकखुर्द एवं बागली में 36 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया। प्रधान न्यायाधीश मिश्र विशेष न्यायाधीश विकास शर्मा, जिला विधिक सहायता सचिव रोहित श्रीवास्तव द्वारा विद्युत कंपनी, नगर निगम, बैंक, बीएसएनएल, बीमा कंपनी के स्टॉल पर जाकर तथा खंडपीठों का भ्रमण कर समस्त संबंधित अधिकारीगण को लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण के निराकरण हेतु प्रेरित किया गया। राजीनामा करने वाले पक्षकारगण को स्मृति स्वरूप फलदार और फूलों के पौधे भेंट किए गए एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में विषेश न्यायाधीश विकास शर्मा,प्रथम जिला न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल, पंचम जिला न्यायाधीश अभिषेक गौड़ , द्वितीय जिला न्यायाधीश उत्तम कुमार डारवी, तृतीय जिला न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार पाटीदार, चतुर्थ जिला न्यायाधीश प्रसन्न सिंह बहरावत, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश डॉ. रविकांत सोलंकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भारत सिंह कनेल अन्य न्यायाधीश नीलेन्द्र कुमार तिवारी, अंजना यादव, दीक्षा मौर्य, कुंवर युवराज सिंह, निकिता वार्ष्णेय पांडे, प्रियांशु पांडे, रश्मि अभिजीत मरावी, किरण सिंह, सौरभ जैन, चंद्रा पवार, सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी, उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ पंकज पंड्या सचिव अधिवक्ता संघ अतुल पंड्या, उपायुक्त नगर निगम देवबाला पिपलोनिया विद्युत कंपनी एवं बैंक के अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसेल स्टॉफ, लोक अभियोजन अधिकारीगण, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

#### 1010 प्रकरणों का किया निराकरण

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि इतिहास रचते हुए जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में 1010 लंबित प्रकरणों का निराकरण हुआ है। संपूर्ण जिले में गठित 36 न्यायिक खंडपीठों में न्यायालयों के लंबित प्रकरणों में आपराधिक प्रकरण 398, मोटर दुर्घटना के 30, चैक बाउन्स 250, फैमेली मेटर्स 7, विद्युत के 195, श्रम के 10, विविध के 105, सिविल के 15, कुल 1010 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें राशि रू.9,20,45,805/-के अवार्ड की गई एवं 2317 लोग लाभांवित हुए। निराकृत 30 क्लेम प्रकरणों में राशि रू 1,22,47,000/- के अवार्ड आपसी समझौते के आधार पर पारित किए गए। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के 250 प्रकरण निराकृत हुए जिनमें 5,00,21,622/- रूपये के चैकों की राशि में सेटलमेंट किया गया। 50,10,813/- रूपये की राशि के 15 सिविल प्रकरणों का निराकरण हुआ। 3611 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया है जिसमें रूपये 2,72,97,386/-रू. राशि के अवार्ड पारित किए गए है एवं 3872 व्यक्ति लाभांवित हुए हैं।

#### कुटुम्ब न्यायालय में टूटते रिश्ते बचे

कुटुम्ब न्यायालय के एक प्रकरण में पूजा (परिवर्तित नाम ) एवं राजेश (परिवर्तित नाम) का विवाह लगभग 13 वर्ष पूर्व हिन्दू रीति रिवाजानुसार संपन्न हुआ था। विवाह के पश्चात पूजा ने ससुराल में सास-ससुर की सेवा-सुश्रुवा अच्छे से करते हुए अपने दाम्पत्य संबंधों का निर्वहन किया। पूजा को अनावेदक राजेश से दो संतान पैदा हुई। पूजा के माता पिता ने गृहस्थी का संपूर्ण सामान सोने-चांदी की रकमें आदि दी थी। राजेश के परिजन पूजा को दहेज कम लाने के ताने देकर उसे गाली गलोच व मारपीट करते, अभद्र व्यवहार एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित करते थे। राजेश चाहे जब पूजा को घर से बाहर निकाल देता था, उसके मायके वाले से मिलने व बात करने पर भी प्रतिबंध लगाता था। राजेश द्वारा न तो पूजा और न ही उसके बच्चे की खैर-खबर ली है और न्यायालय द्वारा आदेशित किये जाने के बावजूद भी पूजा को भरण पोषण नहीं दिया। इन्हीं सब परिस्थितियों के कारण पूजा ने राजेश के विरूद्ध यह प्रकरण पंजीबद्ध किया था। प्रकरण पंजीबद्ध करने के उपरांत न्यायालय द्वारा आज लोक अदालत में उभयपक्षों को उपस्थित होने को निर्देशित किया गया था। प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र द्वारा दोनो पति पत्नि को समझाया गया कि वे साथ-साथ रहकर अच्छे से जीवन व्यतीत करें। प्रकरण में दांपत्य संबंधों की पुर्नस्थापना हो सकती है। उनको समझाईश दी गयी कि प्रेमपूर्वक रहकर अपना दांपत्य जीवन पुनः नवीन तरीके से प्रारंभ करे और आपस में कोई विवाद ना करे। प्रकरण में उभयपक्षों के मध्य करीब 30 मिनिट की समझाईश के उपरांत उभयपक्ष एक साथ दांपत्य जीवन निर्वहन करने को तत्पर हो गये तथा आवेदिका ने अपना प्रकरण हंसी खुशी वापिस ले लिया। उभयपक्ष को न्यायालय से ही पुश्पहार पहनाकर, दोनों को अलग-अलग पौधे दिये गये।

# ग्राम तुमड़ावदा में जमकर हुआ विवाद, प्रकरण दर्ज

### पीड़ित पक्ष पहुंचा एसपी ऑफिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के ग्राम तुमड़ावदा में मारपीट का मामला सामने आया। इस घटना को लेकर पीड़ित परिवार की महिलाएं, रिश्तेदार, समाजजन और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे।पीड़ित परिजनों ने अपने आवेदन में बताया कि गुरुवार रात को ग्राम निवासी संजय परमार पिता तेजकरण परमार और समाज अन्य लोगों का आम रास्ते से निकलने को लेकर विवाद हुआ था।

पीड़ितों के अनुसार, शिवनारायण जायसवाल, बंटी जायसवाल सहित अन्य आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस हमले में कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। एक व्यक्ति की तलवार से उंगली पूरी तरह काट दी गई, जबकि दो अन्य लोगों पर चाकू से हमला किया गया। पीड़ित पक्ष ने घटना की सूचना संबंधित थाने में दी थी।

मामले में थाना बीएनपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को 14 लोगों पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पीड़ित परिवार के परिजनों ने बताया किनथाने में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद शुक्रवार को भी आरोपियों ने पीड़ित परिवार के भाई और भाभी को रोककर गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्द कहे। उन्हें बार-बार रास्ते से निकलने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई, जिसके बाद शनिवार को परिजनों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आरोपियों सहित शासन-प्रशासन की होगी।

### वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर रैली में कांग्रेसी रवाना



**देवास।** दिल्ली में रविवार को प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर आयोजित महा रैली में भाग लेने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसी शनिवार को दो बसों से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर गौतम व चौधरी ने कहा कि यह प्रमाणित हो चुका है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा बड़े पैमाने पर वोट चोरी की जा रही है जिससे लोग कांग्रेस की सरकार तो बनना चाहते हैं, लेकिन सरकार भारतीय जनता पार्टी की बन रही है। यह प्रजातंत्र के लिए बहुत ही घातक घटना है। हम वहां मांग करने जा रहे हैं कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की जाए रामलीला मैदान से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन राहुल गांधी के नेतृत्व में दिया जाएगा। पूरे देश से लाखों कांग्रेस जन दिल्ली पहुंच रहे।

# मेजरमेंट कंट्रोल यूनिट में संधारित होगा अपराधियों का रिकॉर्ड, डीआईजी ने किया यूनिट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला पुलिस अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक को अपनाते जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली जिला देवास में मेजरमेंट कंट्रोल यूनिट की स्थापना की गई है। इस यूनिट के माध्यम से अपराधियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को अब डिजिटल रूप से रिकॉर्ड और संरक्षित किया जा रहा है। एमसीयू में गिरफ्तार व्यक्तियों का चलने का पैटर्न,शारीरिक माप,हावभाव,फोटोग्राफिक एवं वीडियो डेटा एवं अन्य आवश्यक विवरण वैज्ञानिक तरीके से दर्ज किए जाते हैं। यह तकनीक भविष्य में किसी भी अपराध की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान आसानी से की जा सकेगी। शनिवार को डीआईजी उज्जैन रेंज नवनीत भसीन द्वारा उक्त एमसीयू यूनिट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सिस्टम की कार्यप्रणाली को बारीकी से देखा और इसे अपराध नियंत्रण के लिए एक अत्याधुनिक व प्रभावी कदम बताया। भसीन ने निर्देश दिए कि गिरफ्तार प्रत्येक अपराधी का रिकॉर्ड पूर्ण रूप से एमसीयू में दर्ज किया जाए ताकि पुलिस के पास एक मजबूत एवं वैज्ञानिक डिजिटल डेटाबेस उपलब्ध रहे।

# जिले के आनंद ग्राम सोबल्यापुरा ने राष्ट्रीय परिसंवाद में मध्यप्रदेश का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले स्थित आदर्श ग्राम हिवरे बाजार में आयोजित राष्ट्रीय परिसंवाद में जिले के आनंद ग्राम सोबल्यापुरा (तहसील-बागली) की टीम ने सक्रिय भागीदारी कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। यह परिसंवाद परिवार मूलक ग्राम स्वराज व्यवस्था : एक विकल्प विषय पर आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिला मध्यप्रदेश के सात जिलों में एकमात्र ऐसा जिला है जिसका आनंद ग्राम इस राष्ट्रीय आयोजन में शामिल हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्राम स्वराज व्यवस्था को आनंद ग्रामों द्वारा उत्कृष्ट रूप से प्रतिपादित किए जाने पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में सोबल्यापुरा की टीम ने भाग लिया।टीम में सरपंच अनुबाई लक्ष्मण सिंह परिहार, लक्ष्मण परिहार, विशाल, रमेश तथा आनंद विभाग की संभागीय समन्वयक डॉ. समीरा नईम शामिल रहीं। डॉ. समीरा नईम ने अपने अनुभवपूर्ण उद्बोधन में जीवन विद्या के परिप्रेक्ष्य से परिवार मूलक ग्राम स्वराज व्यवस्था पर चर्चा की तथा संकल्प प्रस्तुत किए। तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने दर्शन, विद्या एवं व्यवस्था के क्षेत्रों में नवीन संकल्प लिए। इसी अवसर पर रालेगण सिद्धि में समाजसेवी अन्ना हजारे से भी मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया गया।

### यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम प्री-समिट को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने किया संबोधित

# प्री-समिट में 50 युवा उद्यमियों ने की सहभागिता





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम (व्हायईएफ) देवास ने 11 दिसम्बर 2025 को श्री खेड़ापति इंटरनेशनल होटल में प्री-समिट का सफल आयोजन किया। आयोजन में जिले के 50 से अधिक युवा उद्यमियों ने भाग लिया। यह आयोजन 20 दिसम्बर को इंदौर में होने वाली राष्ट्रीय उद्यमिता समिट के अंतर्गत प्री-इवेंट के रूप में आयोजित किया गया था।

आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह रहे, जिन्होंने युवाओं को उद्यम स्थापना, नवाचार और क्षेत्रीय विकास की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कलेक्टर ने देवास की औद्योगिक संभावनाओं, शासन की योजनाओं तथा इंदौर-उज्जैन के मध्य स्थित देवास के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि शासन हर संभावित उद्यमी की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। मुख्य वक्ता के रूप में एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल के संचालक सिद्धार्थ सिंह उपस्थित रहे। अतिथि वक्ताओं में जिला उद्योग केंद्र एवं एमएसएमई के जनरल मैनेजर रतन सिंह डावर तथा टीएसीसी ग्रुप के आर एण्ड डी मैनेजर रविराज शाह शामिल हुए। शुरुआत में फोरम के रजतपाल सिंह ने फोरम के उद्देश्यों, गतिविधियों तथा पिछले चार वर्षों में युवाओं के बीच इसके प्रभाव की जानकारी दी। रतन सिंह डावर ने युवाओं को नए उद्योग स्थापित करने, स्टार्टअप शुरू करने तथा शासकीय सब्सिडी व योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रक्रिया एवं सहायता तंत्र को स्पष्ट किया। रविराज शाह ने देवास में स्थापित होने जा रहे लिथियम बैटरी प्लांट की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रोजेक्ट युवाओं के लिए अनेक रोजगार एवं उद्यम अवसर लेकर आएगा।

उन्होंने बैटरी निर्माण से लेकर पावर जनरेशन तक की वैज्ञानिक प्रक्रियाओं पर भी चर्चा की। सिद्धार्थ सिंह ने इंदौर में 20 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की व्हायईएफ भारत समिट की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, ओ व्हाय ओ फाउंडर रितेश अग्रवाल, अमोघ लीला दास, जेड ब्लैक फाउंडर अंशुल अग्रवाल, विख्यात प्रोडकास्टर राज शमानी, किमीरिका फाउंडर रजत जैन सहित कई प्रतिष्ठित वक्ता शामिल होंगे। समिट का पंजीयन yefb-harat-org पर उपलब्ध है।

हरिओम मिश्रा ने देवास में विकसित हो रहे देवीलोक परियोजना के विजन, डिजाइन, कला विशेषताओं एवं स्थानीय व्यवसाय अवसरों की प्रस्तुति दी, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में फोरम के सदस्य अनुभव शुक्ला ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित युवा उद्यमियों का आभार व्यक्त किया तथा इंदौर में होने वाली राष्ट्रीय समिट में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनने हेतु आग्रह किया।

# 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, अंडर 19 बालक वर्ग में गुजरात प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बालिका वर्ग के सभी समूह में तमिलनाडु विजेता रहा। 69 वीं राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 11से 14 दिसंबर तक आयोजित होगी। शनिवार को आलोक खरे सहायक संचालक लोक शिक्षण मध्य प्रदेश खेलकूद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।शनिवार को अंडर 19 बालक वर्ग में गुजरात प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय,महाराष्ट्र तृतीय रहा। अंडर 17 बालक वर्ग में महाराष्ट्र प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय,गुजरात तृतीय रहा। अंडर 14 बालक वर्ग में सीबीएसई वेलफेयर प्रथम, गुजरात द्वितीय, पंजाब तृतीय रहा। अंडर 19 बालिका वर्ग में तमिलनाडु प्रथम,महाराष्ट्र द्वितीय,छत्तीसगढ़ तृतीय रहा। अंडर 17 बालिका वर्ग में तमिलनाडु प्रथम, गुजरात द्वितीय, सीबीएसई वेलफेयर तृतीय रहा। अंडर 14 बालिका वर्ग में तमिलनाडु प्रथम, पंजाब द्वितीय, सीबीएसई वेलफेयर तृतीय रहा। स्पर्धा का समापन एवं पुरस्कार वितरण आज सुबह 10 बजे पायोनियर पब्लिक स्कूल में होगा।

# स्कूली बच्चों के पल्स पोलियो अभियान को सदर विधायक ने दिखाई हरी झंडी

## अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सदर विधायक ने पीएन इंटर कॉलेज से हरी झंडी दिखाकर सघन पल्स पोलियों अभियान की रैली को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चे को पोलियो वैक्सीन पिलाने से कोई नुकसान नहीं है बल्कि इससे फायदा है।

पोलियों की वैक्सीन से हम बच्चों की जिंदगी को बेहतर और सुरक्षित बनाये रख सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियों वैक्सीन पिलाने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इम्तियाज अहमद ने बताया कि 14 दिसम्बर 2025 को जिले में जन्म से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जो बच्चे बूथ दिवस पर दवा पीने से छूट जायेंगे उन्हें स्वास्थ्य विभाग की टीमें 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर (सोमवार से शुक्रवार) तक घर-घर जाकर दवा पिलाने का काम करेंगी। इसके बाद भी जो बच्चे छूट जायेंगे उन्हें 22 दिसम्बर को दवा पिलाई जायेगी। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने की अपील की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा शिवप्रकाष ने बताया कि इस कार्यक्रम हेतु आषा एवं एएनएम को प्रषिक्षित किया गया है। डिसट्रिक्ट पब्लिक हैल्थ स्पेषलिस्ट डा



सौरभ सक्सेना ने बताया कि रैली के माध्यम से आगामी सघन पल्स पोलियों अभियान हेतु जनसामान्य को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अवधेष चन्द्र यादव, परामर्षी चिकित्सक डा हुसैन खॉन, पीएन इण्टर कॉलेज ललितपुर के प्रधानाचार्य अजय सक्सेना, सहायक अध्यापक विकास कुमार, विवेक गुप्ता, इन्द्रमणि यादव, पियूश हुण्डैत, बलराम मिश्रा, हरिशंकर तिवारी, चिकित्सा अधिकारी डा राजेश भारती, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एसएमओडब्लूएचओ डा सुमित बघेल डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन, मनोज रावत आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### थानाध्यक्ष जाखलौन लाइन हाजिर

**ललितपुर।** थानाध्यक्ष जाखलौन अभिषेक सिंह को जन शिकायती प्रार्थना पत्रों (आईजीआरएस) का समयबद्ध व सही तरीके से निस्तारण न करने व कार्यों में शिथिलता बरतने को लेकर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के आदेशानुसार तत्काल प्रभाव से 12 दिसम्बर को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### महिला से मांगा मोबाइल नंबर, विरोध पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत ग्राम डुलावन में रहने वाली अन्नू पत्नी राहुल कुशवाहा ने पुलिस को अवगत कराया कि 11 दिसम्बर को शाम करीब 4 बजे वह पानी भरकर घर आ रही थी, तभी रास्ते में गांव के नीरज पुत्र राकेश कुशवाहा ने उसे रोक लिया और मोबाइल नम्बर मांगने लगा। विरोध करने पर उसने गालियां दीं और उसके भतीजे संजीव आ गया, जिसने देखते हुये गालियां देने से मना किया तो नीरज ने संजू को लाठियों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में नीरज व उसके चाचा महेन्द्र उर्फ मंटू पुत्र रूपलाल कुशवाहा शामिल रहे। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मंदिर से लौट रहे युवक पर हमला

**ललितपुर।** थाना पूराकलां अंतर्गत बिरधा निवासी शिवकांत पुत्र हरीशंकर दुबे ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 11 दिसम्बर को शाम करीब 6 बजे उसका भाई रमाकांत दुबे मंदिर से आ रहा था। तभी रास्ते में गांव के सोहन, शेरसिंह, मुलायम सिंह, महाराज सिंह, प्रान सिंह पुत्र जशरथ, चन्दन पुत्र सोहन, जितेन्द्र पुत्र लाल सिंह लोधी ने उसके भाई को गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। उसका भाई चिल्लाया तो गांव के तखत सिंह पुत्र गुलाब सिंह, राममिलन पुत्र बेचैन सिंह लोधी दौड़कर आये और ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। आरोप है कि हमले में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया तो वहीं उसकी मोटर साइकिल व मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### भाजपाइयों ने की शोकसभा

**ललितपुर।** मंत्री पीआरओ राघवेन्द्र पटैरिया उर्फ टीटू पटैरिया के पिताजी सत्यनारायण पटैरिया के निधन एवं भाजपा के मण्डल प्रभारी राजेश लिटौरिया के भाई विनीत लिटौरिया के निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं पवित्र आत्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, प्रान्तीय प्रतिनिधि शशिशेखर पाण्डेय, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, पूर्व उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर पंथ आदि उपस्थित रहे।

### गुलेल से आंख घायल करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला गोविन्दनगर रावतयाना में गुलेल से पत्थर मारकर मजदूर की आंख गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है, वहीं दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाहिद पुत्र मुनव्वर शाह शनिवार सुबह करीब 10 बजे मजदूरी करने जा रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद एक महिला सहित एक युवक जो दोनों कबूतरा जाति के है,ने बिना किसी कारण के गुलेल में पत्थर लगाकर जाहिद पर चला दिया, जिससे उसकी सीधी आंख में गंभीर चोट आ गई। घटना के बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए।

## गोष्ठी की, भ्रमण कर व्यापारियों को जागरुक किया गया

# तालबेहट में बाल श्रम रोकने चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रम विभाग द्वारा नगर क्षेत्र तालबेहट में बाल श्रम रोकने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने संयुक्त टीम सहित तालबेहट क्षेत्र के बाजारों का भ्रमण किया गया और व्यापारियों को जानकारी दी कि यदि उनके द्वारा प्रतिष्ठानों में बच्चों से काम कराये जाने की सूचना मिलती है तो तत्काल कानूनी कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त झांसी मण्डल एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में बाल श्रम के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त द्वारा विशेष निर्देश दिये गये हैं कि झांसी मण्डल में आवर्त सभी जनपदों को 26 जनवरी 2026 तक बाल श्रम मुक्त कराना है।

प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नगर क्षेत्र तालबेहट के व्यापारियों के साथ बैठक कर जागरूक किया गया। जहां बाल श्रम कराया जा रहा है वहां प्रत्येक माह बाल श्रम रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है, जनपद को बाल श्रम मुक्त कराये जाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं एवं बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने पर सम्बन्धित सेवायोजकों/दुकानदारों के विरूद्ध नोटिस भेजने के उपरान्त प्राभियोजन दायर करने की कार्रवाई की जा रही है, यह कार्य निरन्तर किया जायेगा और शासन के आदेशानुसार प्रत्येक माह कार्रवाई की जा रही है, जिसमें 20 से 70 हजार रुपये तक जुर्माना व 6 माह से 02 साल तक की सजा अथवा दोनो का प्रावधान है।



### बाल श्रम मुक्त कराने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे

निरीक्षण टीम द्वारा जनपद को बाल श्रम मुक्त कराने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं जिससे जनपद में बाल/किशोर श्रमिकों की संख्या काफी कम रह गयी है। निरीक्षण के समय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, मानव तस्कर रोधी थाना प्रभारी मंसूर अंसारी, महिला कां.कल्पना वाजपेयी, श्रम विभाग से कुल्दीप गुप्ता, रामप्रताप सिंह एवं जिला प्रोबेशन से जयराम, चाइल्ड लाइन से शुभम शुक्ला, शुभम अहिरवार, नगर व्यापार मण्डल तालबेहट से विशेष सहयोगी के रूप में संरक्षक कमल प्रकाश शिवहरे, विजय मिश्रा, राजेश सोनी, शिशिर जायसवाल, रविन्द्र जैन, रत्नेश जैन, अंकुर जडिय़ा, बृजेन्द्र शर्मा, फूलचन्द्र रैकवार, अशोक कुशवाहा, वीरन कुशवाहा, राजेन्द्र सूर्यश, नरेन्द्र नामदेव सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

### आंकड़ों तक सीमित है अभियान

ललितपुर श्रम परिवर्तन अधिकारी और उसकी संयुक्त टीम अक्सर बाल श्रम रोकने के प्रयास व्यापारियों को जानकारी देने तक सीमित रह गई है। मंदिरों के आसपास घंटाघर चौराहा ऊसावरकर चौक पर चाय और जूस और होटल पर काम करते देखे जा सकते हैं

## अभियान में किया जागरुक

# निष्क्रिय खातों के 180.94 करोड़ वापस कराने की प्रक्रिया तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के तहत विकास भवन में एक व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़े पैमाने पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खाते, बीमा दावे, म्यूचुअल फंड यूनिट्स, पीएफ एवं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की वास्तविक व्यक्ति की पहचान कर उन्हें उनकी अपनी पूंजी पुनः लौटाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विशाल यादव भारतीय रिजर्व बैंक, रंजीत कुमार जिला अग्रणी प्रबंधक ललितपुर ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया। विशाल यादव ने कहा कि जनपद में संचालित इस अभियान के अंतर्गत अब तक 74104 खातों की कुल राशि 180 करोड़ 94 लाख रुपये की धनराशि उनके वैध लाभार्थियों को वापस दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शिविर में जिले के सभी बैंकों से उनके जिला समन्वयक भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, उ.प्र. ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम आदि एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एंटी ह्यूमेन ट्रैफिकिंग की समवन्य गोष्ठी संपन्न



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एडीएम नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण व उपस्थिति में थाना एएचटी व एसजेपीयू, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह दिसम्बर 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन स्थिति सभागार कक्ष में आहुत की गयी, जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र.लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एससी एसटी एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पोस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए - बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जेजे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। सीडब्ल्यूसी, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत मिशन विकास के इतिहास में महत्वपूर्ण पड़ावः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा कनेक्ट-2047 कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य ने कहा कि विकसित भारत मिशन का औपचारिक शुभारंभ भारत के विकास के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह मिशन भारत को अपनी पूरी क्षमता दिखाने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने का अवसर देता है, जो भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक होगा।

अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से हो रही प्रगति को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि यह लक्ष्य निर्धारित समय में प्राप्त किया जा सकता है। विकसित भारत का सपना हर भारतीय के मन में बसता है। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से प्रतिनिधि के रूप में युवा आइकॉन अनिल कुमार ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत वह सपना है जिसे पूरा करने की चाह हर भारतीय के दिल में है। यह एक ऐसे समृद्ध राष्ट्र की कल्पना करता है, जहाँ लोगों को अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षित माहौल मिले। इस दौरान एनएसएस लखनऊ से आये रोशन सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग प्रो.अनिल सूर्यवंशी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय, नोडल अधिकारी डा.ओ.पी. चौधरी ने भी संबोधित किया। इस दौरान आरएमव्ही के कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार, साधना नांगल, डा.वंदना याज्ञिक, नरेन्द्र सिह बुन्देला, गंगाराम, प्रो.अनिल सूर्यवंशी, हिमांश धर द्विवेदी, डा.हरीशचंद्र दीक्षित, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.संजीव कुमार शर्मा, डा.सूबेदार यादव, डा.दीपक पाठक, डा.राजेश तिवारी, डा.अवनीश त्रिपाठी, डा.बलराम द्विवेदी, डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.जगत कौशिक, इं.सौरभ श्रीवास्तव, डा.राजीव निरंजन, इं.विपिन शुक्ला, डा.सुनील शुक्ला, डा.गीरेन्द्र सिंह, डा.संतोष सिंह, डा.सत्यदेव, सुकपाल, डा.वर्षा साहू, कविता पैजवार, श्वेता आनन्द, डा.प्रीति सिरौटिया, डा.रजनी चौबे, डा.जगवीर सिंह, रोहित वर्मा, संदीप श्रीवास्तव, डा.अनूप दीक्षित, डा.पराग कुमार, मनीष वर्मा, राहुल पस्तोर, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, धुव्र किलेदार, जयंत चौबे, अंकित चौबे, रमेश पाल, कमलेश प्रजापति, राकेश प्रजापति, सुरेश, अनिल, रामसेवक, कामता प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहें। छात्र-छात्राओं में सीता, गीता, राधा, मानसी पाटकर, नैन्सी पाटकर ने महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां दी। संचालन डा.सुधाकर उपाध्याय ने व आभार कार्यक्रम अधिकारी मनीष कुमार ने किया।




विकसित भारत युवा कनेक्ट-2047 कार्यशाला का

### घात लगाकर मां-बेटे पर हमला

**ललितपुर।** पास के गांव सिलगन में रहने वाली गुडडी पत्नी स्व.संतोष ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 10 दिसम्बर को रात करीब 9 बजे वह अपने पुत्र सुरेन्द्र लोधी के साथ ललितपुर से अपने ग्राम सिलगन मोटर साइकिल से जा रही थी, जब वह सिलगन के पास पहुंची तो पहले से घात लगाये बैठे राजाबाबू पुत्र ऊदल, कुलदीप पुत्र छोटे ठाकुर, अरविन्द लोधी पुत्र पप्पू लोधी ने अपने अज्ञात साथियों के साथ उसकी मोटर साइकिल रोक ली और बिना कारण पुत्र से गालियां देते हुये मारपीट कर दी। जब वह जोर से चिल्लायी तो गांव के गोपाल, सौरभ बीच-बचाव करने आये तो जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

## म्युचुअल वैनीफिट निधि डायरेक्टर बन लाखों हड़पने का आरोप

**ललितपुर।** वसुन्धरा कालोनी भैंरो बाबा के पीछे सिविल लाइन निवासी राधा पत्नी रजनंदन ने एडीजे एस.सी.एस.टी. एक्ट न्यायालय में वाद दायर किया है। राधा ने कोर्ट को बताया कि 15 फरवरी 2024 को सुबह 9.30 बजे वह अपने पति रजनंदन, ससुर कमलदास, सास रामप्यारी व बच्चों के साथ घर पर थी। तभी नईबस्ती चिरागशाह के पास रहने वाले आशीष, शुभम पुत्रगण जगमोहन उर्फ बृजमोहन नामदेव आये और अपने आप को एमआरएलबी म्युचुअल वैनीफिट निधि का डायरेक्टर बताते हुये उसे व उसके पति को खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया। 15 फरवरी को उसके पति से 3 हजार रुपये, 29 फरवरी को उससे 7 हजार रुपये लिये व दोनों को एक फर्जी रिकरिंग डिपोजिट पासबुक बनाकर दी। 29 फरवरी को एक लाख रुपये फिक्स डिपोजिट सर्टिफिकेट के लिए लिया और एक फर्जी फिक्स डिपोजिट सर्टिफिकेट बनाकर दिया। 3 अप्रैल 2024 को उसके पति से 3 हजार व उससे 7 हजार रुपये, 8 मई को उससे 7 हजार रुपये पति से 6 हजार रुपये, 6 जून, 24 जुलाई को उससे रुपये लिये गये। महिला के अनुसार कुल 1 लाख 53 हजार रुपये उससे व उसके पति से लिये गये। बचत पत्रों के अनुसार उक्त राशि 28 फरवरी 2025 को ब्याज सहित प्राप्त होनी थी। लेकिन समय बीतने के बाद उक्त लोगों ने रुपया नहीं दिया। वह अपने पति के साथ इलाइट चौराहा के पास परिवार पैलेस स्थित उसके कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि कार्यालय बंद हो गया। उसने फोन कर रुपये देने की बात कही तो आशीष ने जल्द रुपये दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन कई बार रुपये मांगने पर रुपये नहीं लौटाये। आरोप है कि 31 जुलाई 2025 को सुबह करीब 9 बजे वह अपने पति, सास के साथ आशीष व शुभम के घर पहुंची, जहां रुपये मांगने पर गालियां दीं और रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

## शहजाद नदी के पुल का निर्माण

# आवागमन को अस्थाई मार्ग निर्माण की मांग आप ने डीएम को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि नगर के मध्य निकली शहजाद नदी के पुल का निर्माण होना है, जिस कारण पुल पर आम आदमी का आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और अप्रोच रोड निर्माण नहीं किया गया है जिससे छात्रों मजदूर किसानों और आम जनमानस को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मांग है कि तत्काल एप्रोच रोड का निर्माण कराया जाए। साथ ही स्वशासी मेडिकल कॉलेज में एक नकली डॉक्टर पकड़ा गया है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि जनपद में सभी कार्यरत चिकित्सकों के शैक्षिक प्रमाणों का सत्यापन कर कर एक बार कोर्ट जनरेट कराया जाए, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को डॉक्टरों की शैक्षिक योगदान मेडिकल कॉलेज में एक नकली डॉक्टर पकड़ा गया है। सभी संपर्क मार्गों पर व्याप्त अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, महासचिव अनूप ताम्रकार, मंत्री रमेश झा, बुद्धसिंह बुंदेला, मीना राजा, प्रमोद नामदेव एड., महेंद्र पाराशर एड., अजयसिंह एड., अनुराग सिंह आदि मौजूद थे।

## एसआईआर को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

# निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सन्दर्भ में एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम अंकित कराने और विस्थापित हो चुके मतदाताओं के नाम हटवाने के बारे में आवश्यक जानकारी एवं दिशा निर्देश दिये गये।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ सुडेले ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और पारदर्शी बनाना है। जिसमें कोई भी पात्र मतदाता मतदान करने से वंचित न हो एवं अपात्र व्यक्ति मतदान प्रक्रिया में सहभागी न हो सके। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निष्पक्ष मतदान एवं स्वस्थ लोकतंत्र के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। भारत का प्रत्येक नागरिक लोकतंत्र का एक हिस्सा है। अतः हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य है कि हम इस अभियान को सफल बनाने में भारत निर्वाचन आयोग की मदद करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनायें। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी पुरोहित, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।



### कलेक्टर को 90 दिनों में कार्रवाई का आदेश, पिटीशनर्स की शिकायतों पर करें विचार

# ब्यावरा में शासकीय जमीन पर कब्जा मामले में हाईकोर्ट से मिली राहत

## कोर्ट ने भोपाल संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम एवं तहसीलदार ब्यावरा, नगर पालिका ब्यावरा सहित अवैध कब्जाधारी को बनाया पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे से परेशान लोगों को आखिरकार हाईकोर्ट से राहत मिली है। शहर के रहवासियों ने एक नेता द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जे और लगातार धमकाने की घटनाओं को लेकर कई बार एसडीएम और कलेक्टर को शिकायतें की थीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर दो पीड़ितों ने हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में रिट पिटीशन दायर की, जिस पर न्यायालय ने गुरुवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए कलेक्टर को 90 दिनों के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### संबंधित पक्षों को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाना अनिवार्य : हाईकोर्ट

फरियादी नवीन कुमार जाटव और दुर्गाप्रसाद गवली द्वारा दायर रिट पिटीशन नंबर 47575 पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट इंदौर ने कहा कि मामले के तथ्यों को देखते हुए कलेक्टर राजगढ़ (रेस्पोंडेंट नंबर 3) पिटीशनर्स की शिकायतों पर गंभीरता से विचार करें और आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने की तिथि से तीन महीने के भीतर कानूनानुसार कार्रवाई करें। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि कलेक्टर द्वारा एक तर्कपूर्ण और 'स्पीकिंग ऑर्डर' पारित किया जाए, जिसमें सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया जाना अनिवार्य होगा।

### भोपाल संभाग कमिश्नर से लेकर नगरपालिका तक को बनाया गया पार्टी

पिटीशनर्स की पैरवी कर रहे एडवोकेट मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि ब्यावरा सर्वे नंबर 579 की शासकीय जमीन पर जगदीश पिता प्रेमसिंह पवार, निवासी लसूल्डिया मीना ने सरकारी रास्ते पर कब्जा कर लिया था। कब्जे का विरोध करने पर पिटीशनर्स सहित आसपास के अन्य भूमि मालिकों को धमकाया जा रहा था। मामले की गंभीरता और लंबे समय से प्रशासन द्वारा कार्रवाई न होने के कारण इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। पिटीशन में प्रमुख सचिव, मप्र शासन, भोपाल संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम एवं तहसीलदार ब्यावरा, नगर पालिका ब्यावरा सहित अवैध कब्जाधारी को पार्टी बनाया गया था। सभी तथ्यों को देखने के बाद कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कलेक्टर निर्धारित अवधि में कार्रवाई सुनिश्चित करे। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद पीड़ितों में उम्मीद जगी है कि वर्षों से लंबित इस विवाद का अब कानूनी समाधान होगा।

### डीईओ ने एक हफ्ते में प्रक्रिया पूर्ण करने का दिया आश्वासन

# क्रमोन्नति आदेश जल्द जारी करने डीईओ से मिला प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किए गए हैं कि ऐसे माध्यमिक शिक्षक जो प्रथम नियुक्ति दिनांक सेवारत हैं, उनके क्रमोन्नति आदेश शीघ्र जारी कर दिए जाएं। लेकिन, राजगढ़ जिले में इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है। इसी के संबंध में प्रांतीय शिक्षक संघ पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला से भेंट कर उनके सम्मुख पूरी बात रखी। संगठन के प्रदेश महामंत्री रामचरण वर्मा, जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, जिला महासचिव राजकुमार खिंची ने बताया कि जिले में वर्ष 2001 में नियुक्ति संविदा शिक्षक वर्ग-02 के शिक्षक जिन्हें माध्यमिक शिक्षक कहा जाता है उन्हें प्रथम नियुक्ति दिनांक से शासन के निर्देशानुसार 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर क्रमोन्नति का लाभ मिलना चाहिए। इसके बावजूद राजगढ़ जिले के माध्यमिक शिक्षकों के प्रस्ताव जिला स्तर से ही कम्प्लीट नहीं हो पाए हैं। ऐसे में सभी ने डीईओ श्री भिलाला से मांग रखी कि इस प्रक्रिया को त्वरित रूप से आगे बढ़ाया जाए।

### एक हफ्ते में पूर्ण कर लेंगे जिला स्तर की प्रक्रिया

प्रतिनिधिमंडल की मांग पर डीईओ ने एक सप्ताह में जिला स्तर से उक्त संबंध में संपूर्ण कार्यवाही पूरा किए जाने का आश्वासन दिया है। डीईओ ने बताया कि इस एक कमेटी भी गठित कर दी गई है। प्रतिनिधिमंडल में बालचंद दांगी, रामबाबू दांगी, अनिल नागर, पुखराज सिंह राठौर, अशोक नागर, कौशल राव, छोटूलाल मालवीय, गोपालदास वर्मा, सौरभ दुबे, हंसराज तेजरा, बालचंद सिंगला, अजय स्वर्णकार, कमल बसोदिया, नारायणसिंह पंवार, अशोक गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अरनिया कला में चोरों का आतंक बढ़ा, ग्रामीणों में भय व आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

अरनिया कला क्षेत्र में दिन-ब-दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जबकि पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की पकड़ कमजोर होती जा रही है। इसका ताजा उदाहरण 11 दिसंबर की रात को सामने आया, जब निपानिया देव के कांकड़ पर स्थित ललित पिता स्व. जयराम वर्मा के कुएं को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोर यहां से करीब 600 फीट डोरी और स्टार्टर का पूरा सेट चोरी कर ले गए। सुबह जब किसान कुएं पर पहुंचे तो चोरी का पता चला।

### पीड़ित ने तीलावद चौकी पर दर्ज कराई शिकायत

घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा तीलावद चौकी पर शिकायत दर्ज कराई गई है। हालांकि अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय गश्त न के बराबर है, जिसका फायदा उठाकर चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। किसानों के कुएं, मोटर, केबल और कृषि उपकरण लगातार चोरों के निशाने पर हैं, जिससे उनकी मेहनत और रोजी रोटी पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है।

### जिपं सभागार में आयोजित हुई शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

# शैक्षणिक सुधार के संबंध में जिपं सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की समस्त शालाओं में शैक्षणिक सुधार, गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन, खेल-खेल में शिक्षा सहित शिक्षा संबंधी विभिन्न विषयों को लेकर शुक्रवार दोपहर जिला पंचायत सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय में सीएससी द्वारा पांच प्रमुख केपीआई गुणवत्ता मापदंडों को पूर्ण करने एक निश्चित तिथि तय की जाए। बैठक में सीईओ श्री गढ़पाले ने शिक्षा के मूल कार्य के अंतर्गत निरंतर भ्रमण के दौरान शालाओं की विभिन्न व्यवस्थाएं, पाठ्यक्रम पूर्णता,



गुणवत्तापूर्ण मध्यान भोजन सहित शिक्षा में गुणवत्ता के संबंध में हर संभव प्रयास किए जाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने राष्ट्रीय परख सर्वे के परिणामों को ब्लॉक स्तर की बैठक में रखकर विकासखंड वार कमजोर लर्निंग आउटकम पर रणनीति बनाकर शालाओ में क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन पर सख्त निर्देश देते हुए शालाओ में बच्चो को गर्म और उत्तम गुणवत्ता का भोजन प्रदाय करने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने जिन शालाओं में जिस भी कार्य की आवश्यकता है, उसके प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने उपस्थितों को निर्देशित किया।

### शालाओं में स्वच्छता के कार्यों पर डाला प्रकाश

बैठक में स्वच्छत भारत मिशन जिला समन्वयक महेश सौराष्ट्रीय ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घरैलू, संस्थागत, सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता के संबंध में लागू किए गए नवाचारों, कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। बैठक में डीपीसी, सभी ब्लॉकों के ब्लॉक शिक्षाधिकारी, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षक, पीएम पोषण प्रभारी, मिशन अंकुर एवं पिरामल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भैंसवा माता मंदिर की दान पेटी से निकले 9 लाख 54 हजार 550 रु

**सारंगपुर।** भैंसवा माता मंदिर परिसर में स्थित दान पेटी को शुक्रवार को तहसीलदार आकाश शर्मा के आदेशानुसार तथा नायब तहसीलदार गोपाल चौहान, हल्का पटवारी कन्हैयाला फूलेरिया के निर्देशन में एवं मंदिर समिति की उपस्थिति में विधिवत रूप से खोला गया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना कर दान पेटी की चाबी निकाली गई। इसके बाद समिति के जिम्मेदार सदस्यों की मौजूदगी में पेटी को खोला गया। दान पेटी से प्राप्त धनराशि को पूरी पारदर्शिता के साथ गिना गया। गिनती कार्य में समिति के प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। प्राप्त राशि को इसके बाद मंदिर की विकास एवं धार्मिक गतिविधियों में उपयोग हेतु मंदिर समिति के अभिलेख में दर्ज किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि दान पेटी से प्राप्त धनराशि मंदिर के सौंदर्यीकरण, रखरखाव तथा आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खर्च की जाएगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## मुक्तिधाम सेवा समिति की बैठक संपन्न विकास कार्यों पर हुआ विचार-विमर्श



**सारंगपुर।** बाल रूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड परिसर में बुधवार को मुक्ति धाम सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया ने की, वहीं हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय मुक्ति धाम में आवश्यक विकास कार्यों की योजना बनाना तथा वर्तमान व्यवस्थाओं में सुधार करना रहा। बैठक में समाजसेवी ओम प्रकाश राठी, अशोक साहू, सुशील व्यास, आशुतोष वेध, सुधीर श्रीमाल, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी और रामनारायण टेटवाल, कुमेर सिंह सोलंकी सहित दोनों समितियों के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने मुक्ति धाम परिसर में साफ-सफाई, हरियाली, मूलभूत सुविधाओं के उन्नयन और आवश्यक मरम्मत कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में सामूहिक सहयोग से मुक्ति धाम को और सुव्यवस्थित तथा श्रद्धालुओं हेतु सुविधाजनक बनाया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि मुक्ति धाम नगर का महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, इसलिए उसके विकास और संरक्षण में सभी नागरिकों को सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## तीरंदाजी में खुशी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया



**कुरावर।** नगर के कृष्ण हाइट्स की छात्रा खुशी पिता रितेश गिरी ने 69 वीं राज्यस्तरीय शालेय फील्ड आर्चरी क्रीड़ा प्रतियोगिता जो कि 6 दिसंबर से 10 दिसंबर तक देवसर सिंगरौली में आयोजित हुई। जिसमें खुशी गिरी ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए कंपाउंड राउंड में सिल्वर मेडल प्राप्त कर कुरावर नगर एवं राजगढ़ जिले का नाम रोशन किया। कोच विक्रम लववंशी एवं उर्मिला तोमर ने बताया पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 8 संभाग से 340 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ी खुशी गिरी की इस उपलब्धि पर कृष्णा हाईट्स पब्लिक स्कूल के संचालक पवन अग्रवाल एवं स्कूल प्राचार्य जितेंद्र सिंह कौरव खेल प्रशिक्षक प्रकाश सिंह तोमर राधेश्याम भिलाला एवं सभी कृष्णा हाईट्स शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएं दी।

### प्रज्ञा भवन में गायत्री परिवार करवा रहा आयोजन

# ब्रह्म मुहुर्त में की गई वेद माता गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय गायत्री परिवार द्वारा नगर में चार दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ एवं मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस निकाली गई कलश के द्वितीय दिवस शुक्रवार को ब्रह्म मुहुर्त में प्रातः 4 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।



प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व देश के अलग-अलग तीर्थों व नदियों से लाए गए जल से मां गायत्री को स्नान करवाया गया। इसके उपरान्त दशविद के तहत भस्म, मिट्टी, गोबर, गौमूत्र, दूध, दही, घी, हल्दी, कुश, शहद एवं पंचामृत से माता की प्रतिमा को स्नान संपन्न हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार से आई ब्रहम वादिनी बहनों द्वारा मां गायत्री की प्रतिमा में प्राणों का आव्हान किया एवं प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरान्त परिवार के सदस्यों ने शंख, झालर, मंझीरे बजाकर मां गायत्री की महाआरती की।

### देश में सुख-शांति, समृद्धि की कामना

प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होने के उपरान्त 24 कुंडीय महायज्ञ आरंभ हुआ। इस महायज्ञ में नगर के श्रृद्धालुओं ने संपूर्ण भारत में सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ आहुतियां अर्पित कीं। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता एवं सेना के पराक्रम के लिए भी यज्ञ वेदी में आहुतियां समर्पित की गईं।

## बाल विवाह मुक्त राजगढ़ के अंतर्गत महाविद्यालय में शपथ ग्रहण संपन्न



**सुठालिया।** शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय में जिला प्रशासन राजगढ़ तथा कार्यालय कलेक्टर महिला एवं बाल विकास के आदेशानुसार बाल विवाह न करने एवं न करने देने संबंधी शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ व्ही एस बैस ने की। बतौर मुख्य वक्ता संतोष पाठक ने कहा बाल विवाह केवल एक परंपरागत समस्या नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। आज ली गई यह शपथ तभी सार्थक होगी जब हम इसे अपने व्यवहार और समाज दोनों में लागू करेंगे। विशिष्ट वक्ता के तौर पर डॉ प्रदीप कुमार ने कहा बाल विवाह समाज की प्रगति में सबसे बड़ा अवरोध है। युवा पीढ़ी को जागरूक करना ही इससे मुक्ति का सर्वोत्तम उपाय है। हमारा महाविद्यालय सदैव सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध रहेगा। तत्पश्चात बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों को डॉ पवन कुमार अहिरवार ने बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई।

# स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। इस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता भानपुरा वाले, विशेष अतिथि कन्या शाला प्राचार्य देवेंद्र शर्मा, सांदीपनी स्कुल प्राचार्य कैलाश शर्मा , संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर, डायरेक्टर शिवचरण दांगी, प्राचार्य खारपा राधेश्याम पुरविया, अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, विशिष्ट अतिथि योगेश भावसार डॉ. बीएल गुर्जर, अजय टेलर, शरद भावसार ने करते हुए सर्वप्रथम मां सरस्वती कि पुजा अर्चना से शुरूआत की जहां पर विधालय की छात्राओं ने स्वागत गीत सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विधालय द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ विभिन्न आयोजन से बच्चों को नई दिशा दी जाती है। आप इन मांडल में जो दर्शाया गया है उनसे सीखें। संचालन शिक्षक दिलीप राठौर ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों से बारी बारी से सीधे संवाद किया। इस दौरान विधार्थियों ने कलाकृतियां बनाई उनके प्रयोगों को समझाया जिसमें पानी की बचत कैसे करें, विद्युत का उत्पादन, भारत के विभिन्न प्रांतों में होने वाली प्रमुख खेती फसल एवं उत्पादन पर कक्षा एक से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित उत्कृष्ट वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हृदय का ब्लड सर्कुलेशन, सौरमंडल, उत्सर्जन तंत्र, विश्व का समुद्री मार्ग, ब्रह्मोस्त मिसाइल, टर्बाइन, पवन चक्की, ज्वालामुखी, पर्यावरण, जल शुद्धिकरण, पर्यावरण प्रदूषण इसरो, चंद्रयान-3, ग्रीन हाउस और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसे मॉडल तैयार किए। छात्रों ने जो अनुपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल कर रचनात्मक मॉडल बनाए वह एक नई पहल उनकी वैज्ञानिक समझ को दर्शाया बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### अय्यापुर बालाजी भक्त मंडल ने हनुमान अष्टमी पर निकाला चल समारोह

**सारंगपुर ।** हनुमान अष्टमी के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार अय्यापुर बालाजी भक्त मंडल सारंगपुर के तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर ब्लाक कॉलोनी सारंगपुर से भव्य चल समारोहों केसरिया ध्वज के साथ निकाला गया।चल समारोहों सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ हुआ जो नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ अय्यापुर बाला जी धाम पहुंचा बाला जी भक्त मंडल विगत छः वर्षों से लगातार आयोजन कर रहा हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त हाथ में ध्वज लेकर अय्यापुर बाला जी पहुंचते हैं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, नीलेश वर्मा, लोकेश गोस्वामी, विशाल चतराड, नील कमल व्यास, गोलू हाड़ा,अमित पुष्पद, अर्जुन, संजय, राम कौशल, दीपक, परिहार, सतीश, वीरू धनगर, राज, कुणाल, अरुण धनगर सहित भक्त मौजूद थे।

### राज्य स्तर पर सम्मानित की गई अभियान से जुड़ी जिले की टीम

# एचआईवी जांच: 95 फीसदी उपलब्धि पर प्रदेश में मिली दूसरी रैंक

**राजगढ़।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में राजगढ़ जिले ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा जारी एचआईवी पॉजिटिविटी की जांच के लक्ष्यों में राजगढ़ जिले की इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर टीम निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 95 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की है। राजगढ़ जिले को इसके लिए सूबे में दूसरा स्थान मिला है। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा गत दिवस राजगढ़ की पूरी टीम को सम्मानित किया गया।

नोडल अधिकारी डॉ राजीव हरिऔध ने बताया कि 95 प्रतिशत




लक्ष्य हासिल करना टीम के अथक प्रयासों और सटीक रणनीति के चलते संभव हो पाया है। हमारे मैदानी हमले ने जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरुकता एवं जांच शिविरों का समय-समय पर प्रभावी ढंग से आयोजन करवाया जिसके चलते जांच कवरेज में व्यापक सुधार हुआ है। यह आंकड़ा न केवल जाँच की संख्या को दर्शाता है, बल्कि समय पर पहचान और आवश्यक उपचार के लिए भी आवश्यक है।

### विभाग प्रमुख और सीएस ने की सराहना

जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने जिले को मिली इस उपलब्धि पर पूरी टीम और नोडल अधिकारी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह राजगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए गौरव का क्षण है। जांच में 95 फीसदी की उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करना हमारी टीम में शामिल साधना बॉथम, ज्योति मीणा और कौशल पिपलोटिया सहित अन्य की निष्ठा एवं मेहनत का परिणाम है।